स्वतंत्र प्रभात

नकली सीमेंट बनाने वाली फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़, 1500 नकली सीमेंट हुई बरामद, गोदाम फैक्ट्री किया गया सील

JUL 1, 2018

प्रशांत तिवारी

स्टेट क्राइम संवाददाता

उत्तर प्रदेश

नकली सीमेंट बनाने वाली फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़, 1500 नकली सीमेंट हुई बरामद, गोदाम फैक्ट्री किया गया सील

लखनऊ

राजधानी में धड़ल्ले से चल रहे हैं नकली सीमेंट बनाने की अवैध कंपनियां खराब और रिजेक्टेड सीमेंट की बोरियां परचेंज करके लाखों बोरी नकली सीमेंट राजधानी के इलाकों में दलालों व अवैध फैक्ट्री मालिकों के द्वारा उतरवाया जाता है

दुगने से ज्यादा मुनाफा के कारण अलग-अलग कंपनियों के बोरियों में नकली सीमेंट भर के लाखों करोड़ों का कारोबार पिछले कई सालों से चल रहा है

जिस पर अंकुश लगाने की सख्त आवश्यकता है राजधानी के हर इलाकों में निर्माण कार्य धड़ल्ले से चल रहे हैं जहां नकली सीमेंट की वजह से हो सकता है जान माल खतरा। लेकिन इसी दौरान पारा थाना कि पुलिस टीम को मिली बड़ी कामयाबी 1500 बोरी नकली सीमेंट के साथ नकली फैक्ट्री व गोदाम का हुआ भंडाफोड़।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक नगर पूर्वी व क्षेत्राधिकारी आलमबाग लखनऊ के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक पारा अखिलेश चंद्र पांडे उप निरीक्षक प्रेम नारायण पांडे और उनकी टीम ने गस्त करते हुए हंस खेड़ा में जा रहे थे कि मुखबिर की सूचना के आधार पर ग्राम सदरोना थाना क्षेत्र पारा के अंतर्गत नकली सीमेंट का कारोबार चल रहा इस सूचना से मौके पर पहुंचकर देखा तो इंडिया ग्रीन सिटी के बगल में जमाल निवासी सैदरोना के बने गोदाम में नकली सीमेंट का कारोबार चल रहा था

पुलिस को देख कर वहां से कई लोग भागे जिसमें एक व्यक्ति को समय 2:10 रात्रि को पकड़ लिया नाम पता पूछने पर अपना नाम है शफीक पुत्र रईस निवासी खपरा थाना हसनगंज उन्नाव बताया तथा पूछताछ से बताया कि अलग-अलग गोदामों से खराब कटी-फटी बोरी भरी हुई सीमेंट मांगते थे तथा उस को पीसकर छानकर अलग-अलग कंपनियों के सीमेंट की बोरी कानपुर से मंगा कर उसमें मजदूरों से भरवाकर गोदाम में भेजा जाता है।

कटी फटी पुरानी बोरी ₹60 में खरीदते थे तथा ₹250 से ₹290 में बेच देते थे मौके पर विभिन्न फैक्ट्रियों गली कटी भरी सीमेंट लगभग 1500 गोदाम में लगी पाई गई जिसको मौके पर सील किया गया इस संबंध में थाना मे धारा 420, 63 कॉपीराइट एक्ट 1957 मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की गई।

अपने कामयाबी पर बोले थाना प्रभारी

प्रभारी निरीक्षक अखिलेश चंद्र पांडे, ने कहा कि जितने भी अवैध और नकली गतिविधियों में सम्मिलित लोग व कल कारखाने इस क्षेत्र में है सब की गहनता के साथ खोज की जा रही है और नकली कारोबार पर रोकथाम की कोशिश हमारी टीम पूरी जोर शोर से कर रही है

वहीं इस टीम में थाना पारा उप निरीक्षक प्रेम नारायण पांडे कांस्टेबल छोटे लाल द्विवेदी कांस्टेबल बाल सुंदर राणा कांस्टेबल छेदी लाल यादव मौके पर मौजूद रह कर अपने कार्य को पूर्ण इमानदारी से निर्वाह किया।

Source: https://swatantraprabhat.com/post/lucknownakaliseement